NT>

Title: Need to run proposed train between Mau Junction and New Delhi via Azamgarh in Uttar Pradesh.

श्री बालकृण चौहान (घोसी) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा आजमगढ़ से नई दिल्ली तक चलने वाली नई ट्रेन के बारे में दिलाना चाहता हूं। आजमगढ़ एक साधारण रेलवे स्टेशन है। यहां से नई ट्रेन चलाने हेतु कोई आवश्यक सुविधायें जैसे - कोचों में पानी भरने, सफाई, धुलाई, कम्प्रेशर मशीन, यांत्रित दोाों के निवारण की सुविधा(टीएक्सआर), टीटीई स्टाफ, समुचित रेल ट्रेक, यार्ड आदि नहीं है, जबकि यहां से मात्र 43 कि.मी. दूर मऊ जंक्शन स्थित है, जहां पर नई ट्रेन संचालन की सारी सुविधायें मौजूद हैं। मऊ जंक्शन गोरखपुर, बलिया, वाराणसी, दोहरीघाट आदि रेल मार्गों से जुड़ा है और मऊ शहर बनारसी साड़ी उत्पादन का विश्व प्रसिद्ध केन्द्र होने से क्षेत्रीय आबादी का ज्यादा आवागमन है। उक्त ट्रेन को मऊ जंक्शन से चलाने पर अधिक आबादी लाभान्वित होगी तथा रेलवे को वाणिज्यिक लाभ में भी वृद्धि होगी।

क्षेत्रीय जनता की वार्ों से मांग रही है कि मऊ जंक्शन से प्रारम्भ करके वाया आजमगढ़ नई दिल्ली तक कोई ट्रेन चलाई जाए। ऐसी स्थिति में आजमगढ़ के बजाय नई ट्रेन को मऊ जंक्शन से प्रारम्भ करके वाया आजमगढ़-नई दिल्ली चलाना जनहित में होगा।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि आजमगढ़ से प्रस्तावित ट्रेन को मऊ जंक्शन से प्रारम्भ किया जाए।